





# एसीएस ने जांची रामनगर पीएचसी की नब्ज

## कलेक्टर सहित जिले व ब्लॉक भर का अमला रहा मौजूद, रामनगर पीएचसी की व्यवस्था देख कर अभिभूत हुए अधिकारी

**नवबारत न्यूज**

**रामनगर 26 अप्रैल, आज अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग अशोक वर्णवाल ने मैहर जिले के रामनगर व देवराजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।**

इस दौरान मैहर कलेक्टर श्रीमती विदिशा मुखर्जी संयुक्त संचालक स्वास्थ्य , श्रीमती सत्य भारती अवधिया, मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी सतना/मैहर डॉ.मनोज शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ.आर. एन पांडेय, डीपीएम राकेश कर्स, संभागीय अभियंता खरे ,जिला सतना अभियंता अनीता मैडम, एमएनडी सतना निरपेक्ष सिंह,एसडीएम रामनगर एस.पी.मिश्रा, नायब तहसील दार रोशन लाल रावत, बीएमओ डॉ.आलोक अवधिया, सम्बन्धित चिकित्सक, बीपीएम, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्स, वार्ड बॉय सहित सफाई अमला भी मौजूद रहा, रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रेशन






काउंटर, ओपीडी, एक्स रे एनआरसी, प्रसूति वार्ड,जनरल वार्ड में पहुंचकर व्यवस्थाएं देखते हुए प्रभारियों, कर्मचारियों भर्ती मरीजों से बात कर उनसे उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, वहीं स्टाफ को और बेहतर एवं व्यवस्थित होस्पिटलटी के बारे में बताते हुए उन्हें गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने को प्रोत्साहित किया, इसके बाद देवराजनगर सीएचसी पहुंचकर अस्पताल भवन, उपलब्ध सुविधाओं का जायजा ले, सम्बन्धित अमले को सुधार लाने के निर्देश दिए, मीडिया से बात करने के दौरान जब बताया गया कि देवराजनगर सीएचसी का पुराना भवन जिंसमे अस्पताल का संचालन हो रहा है विगत दो सालों पूर्व डिस्मेंटल घोषित किया जा चुका है, दीवालों पर क्रैक, छतों का निकलता प्लास्टर, धसता हुआ भवन कभी भी हादसे का सबब बन सकता है, जिसके लिए उन्होंने उच्च स्तरीय जानकारी लेते हुए, शीघ्र ही कार्यवाही करने की बात कही, वहीं सीएचसी केंद्रों में सिटी स्कैन, सोनोग्राफी, रेडियो ग्राफी, या विशेषज्ञ चिकित्सको की तैनाती विषय पर कहा कि हम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह सुविधाएं नहीं दे सकते, यहां पर जनरल मेडिसिन या सामान्य चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाई जा सकती है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बड़ी मात्रा में छोटे मोटे क्रैक्स, माइनर ओटी, अल्सर, या अन्य मरीज बड़ी तादात में आते है, जिनको किसी कदर एक्स रे जैसी शशुल्क सुविधाएं मिल जाती है सामान्य दवाइया मिल जाती है , खबर के मुताबिक उक्त विभागीय दो दिवसीय निरीक्षण दौरे में स्वास्थ्य आयुक्त धनराजू एस. का भी भृमण प्रस्तावित था, लेकिन किन्ही कारणों बस उनका दौरा नहीं हो पाया, आलम यह है कि मैहर/सतना जिले में महिलाओं व बच्चो, बुजुर्गों में पाया जाने वाला एनीमिया( रक्ताल्पता ) जो कई प्रकार का होता है, जिंसमे आयरन डेफिशिएंसी एनीमिया, एना प्लास्टिक अनीमिया, विटामिन डेफिशिएंसी अनीमिया, मैगलोब्लास्टिक एनीमिया, सिकिल सेल एनीमिया, हिमोलिटिक एनीमिया, क्रोनिक बीमारी के कारण होने वाले एनीमिया के सेपरेशन के लिए कोई यूनिट नही है,सभी की सीबीसी एच बी, जांच करके, ही कोरम पूरा हो रहा है, जबकि उनके लिए आयरन स्टडीज,के अंतर्गत सीरम आयरन टेस्ट, फेरिटीन टेस्ट, टीआईबीसी ,पेरिफेरल स्मीयर, विटामिन बी 12 व फोलिक एसिड टेस्ट, हिमोसिस्टिन और एमएमए, बोन मैरो बायोप्सी, पीएनएच स्क्रिनिग, साइटों जेनेटिक्स भी किये जाते है, लेकिन अधिकांश जांचे जिले या संभाग तक मे उपलब्ध नही हो पाती जिसके चलते रक्ताल्पता विकारों के उच्च जोखिम स्तरों का पता भी नही चल पाता।

### कलेक्टर ने कार्यवाही पेश करने दिये निर्देश

इस दौरान जिला कलेक्टर मैहर श्रीमती मुखर्जी ने भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवराजनगर के भवन, मरम्मत या अन्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए अपने जिले मद से राशि उपलब्ध कराने की बात कहते हुए एसडीएम व बीएमओ को संयुक्त प्रस्ताव कार्ययोजना बनाकर, अनुमानित खर्च आकलन कर कार्यवाही पेश करने के निर्देश दिए,



# मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 26 अप्रैल, समाजसेवियों ने क्षेत्र के होनहार प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया अपनी प्रतिभा और कौशल से अपने माता-पिता गांव एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर सभी को गौरव का अवसर प्रदान करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान कोठी में समारोह पूर्वक किया गया।**

क्षेत्र के कई समाजसेवी जन एकत्रित होकर क्षेत्रीय प्रतिभावान छात्रों एवं उनके माता-पिता तथा गुरुजनों को आमंत्रित कर कोठी के आर्या मेडिकल के प्रांगण पर सम्मानित किया सगमा निवासी ओम सिंह पिता करण सिंह को कक्षा बारहवीं में 92 प्रतिशत अंक हासिल करने पर माल्यार्पण कर मिष्ठान खिलाकर मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया वहीं डेहुंटा निवासी रितु सिंह पिता ईश्वर प्रताप सिंह को कक्षा दसवीं में 96त्न अंक प्राप्त करने पर माल्यार्पण कर मिष्ठान खिलाते हुए मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया, उसके साथ-साथ भैसवार निवासी प्रशांत मिश्रा की पुत्री मन्नत मिश्रा को बौद्धिक परीक्षा में जैतवारा तहसील में प्रथम स्थान हासिल करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया समाजसेविका प्रभा जितू बागरी ने मन्नत की विशेष मन्नत के पूर्ण होने पर माल्यार्पण करते हुए मिष्ठान खिलाकर मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट की और कामना की की मां सरस्वती मन्नत की मन्नत पूरी करें सभी ने होनहार छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर सम्मान समारोह आयोजन के संयोजक उमेश सिंह पप्पू छात्र-छात्राओं के गुरूजन दिनकर प्रसाद शर्मा विजय सिंह परिहार डॉक्टर अवध राज सिंह चंदेल कृष्णेंद्र सिंह विज्ञान सिंह उमाशंकर पांडे विजय राज सिंह अजय सिंह बंटू अनुराग सिंह दादू आलोक सिंह विपिन सिंह पवन सिंह बृजेश गर्ग सोनू नीतिश सिंह राज बहादुर सिंह सतीश द्विवेदी अतुल सिंह दिलीप सिंह तिलकराज सिंह के साथ-साथ छात्र छात्राओं के अभिभावक पिता व अन्य कई लोग मौजूद रहे सभी ने विद्यार्थियों के पिता का भी सम्मान किया और उनके शिक्षक दिनकर प्रसाद शर्मा का विशेष रूप से सम्मान किया जिन्होंने छात्र छात्राओं के कौशल को विशेष रूप से मेहनत करके सामने लाया है।

# हेलमेट नहीं तो चालान तय : मैहर थाना पुलिस ने 51 चालान काटे

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 26 अप्रैल, जिले की पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया है, जो 10 मई तक जारी रहेगा।**

अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने सभी वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने





के निर्देश दिए हैं। आज मैहर कोतवाली पुलिस द्वारा विभिन्न मार्गों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक भी किया गया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 51 लोगों के खिलाफ हेलमेट न पहनने पर चालानी कार्रवाई की। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट का उपयोग जरूर करें और यातायात नियमों का पालन करें। आगामी दिनों में भी निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

# कोटर बस स्टैंड में प्याऊ का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 26 अप्रैल, नगर परिषद कोटर में बस स्टैंड में भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्य नगर परिषद अधिकारी सुश्री डा.पूजा द्विवेदी के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत यात्रियों के लिए खुलवाया गया पाउसाला.**

पाउसला( पेयजल प्याऊ) सभी यात्रियों के लिए निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था ,जिसका शुभारंभ अध्यक्ष राजमणि सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी , सभापति बबलू गौतम, पार्षद



पंकज कुशवाह, आंनद पाठक द्वारा किया गया और कार्यक्रम में नगरपरिषद के कर्मचारी आयुश सिंह , दिवाकर तिवारी, रामदेव गोस्वामी, पिंटू शुक्ला, राहुल गौतम, राजेन्द्र कुशवाह, अतुल मिश्रा और सभी कर्मचारी उपस्थित रहे.

# कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में महासफाई अभियान का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 26 अप्रैल, जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्ग निर्देशन कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानीएसंयुक्त सहयोग से किया गया।**

अभियान के अंतर्गत तुलसी चौराहा एवं भारत मिलाप मंदिर के आसपास विशेष सफाई करते हुए कूड़ा.करकट का निस्तारण एवं मार्ग को स्वच्छ एवं व्यवस्थित किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्थल पर उपस्थित रहकर कार्य का निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान श्रद्धालुओं व नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक



करते हुए कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने प्लास्टिक का कम उपयोग करने बंदरों को मार्ग के किनारे भोजन देने एवं मार्ग में थूकने से बचने की अपील की गई।स्वच्छ सर्वेक्षण 25.26 के अंतर्गत जनसहभागिता पर बल देते हुए स्वच्छ भारत मिशन ;नगरीद्ध के जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शिवा कुमार ने सभी से सहयोग की अपील की।इस अवसर राजेंद्र त्रिपाठी जितेंद्र केसरवानी वन विभागएरसूल खान जानकी प्रसाद बिनोद बीरेंद्र राजेश रवि रामशियाए राकेश मोनू सहित अन्य कर्मचारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 64 लीटर अवैध देशी अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 26 अप्रैल, मैहर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर आरोपी के घर के आंगन से भारी मात्रा अवैध देशी शराब जब्त किया है।**

पुलिस के अनुसार दिनांक 25/04/26 को थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मनटोलवा में जगदीश प्रसाद साकेत अपने घर के आंगन में भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री करने हेतु रखा हुआ है इस सूचना पर थाना कोतवाली की टीम द्वारा मौके पर रेड कार्यवाही करते हुए जगदीश प्रसाद साकेत के घर से कुल 64 लीटर अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब कीमती 37606 रुपये में बिक्री करने हेतु देशी अंग्रेजी शराब रखी पाई गई ।मैहर पुलिस द्वारा अवैध शराब को जब्त कर आरोपी जगदीश प्रसाद साकेत पिता मुनेश्वर साकेत उम्र 55 वर्ष निवासी मनटोलवा थाना कोतवाली मैहर के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से न्यायालय के आदेशनुसार आरोपी को उप जेल मैहर भेजा गया है ।




इस कार्रवाई में निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी, एएसआई , सतीश मिश्रा , प्रधान आरक्षक रविन्द्र दोहरे ,जय बागरी, राजेंद्र सिंह, सोमेश सिंह ,हिमांशु कुमार, श्यामसुंदर कुशवाहा शामिल रहे।

# किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस का हमला शिवम पाण्डेय ने सरकार को घेरा

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 26 अप्रैल, जिले के कोटर-रामपुर क्षेत्र में किसानों की समस्याओं को लेकर राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस प्रदेश सचिव शिवम पाण्डेय ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।**

शिवम पाण्डेय ने कहा कि जब किसानों के अनाज बेचने का समय आता है, तो स्लॉट बुकिंग की समस्या सबसे बड़ी बाधा बन जाती है।किसान अपनी उपज लेकर खरीदी केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन समय पर स्लॉट नहीं मिलने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि किसानों को न तो समय पर खाद मिल पा रही है और न ही वे अपनी उपज समय पर बेच पा रहे हैं। इस



वजह से किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।पाण्डेय ने विशेष रूप से कोटर और रामपुर क्षेत्र के खरीदी केंद्रों की स्थिति को सबसे ज्यादा खराब बताते हुए कहा कि यहां किसानों को सबसे अधिक दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होगी।



# चित्रकूट में संस्कृत शिक्षा परिषद के नतीजे शानदार, हाईस्कूल-इंटर के टॉपर्स सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 26 अप्रैल, संस्कृत शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के बोर्ड परीक्षा परिणाम में जनपद चित्रकूट के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। पूर्व मध्यमा ( कक्षा 10 ) और उत्तर मध्यमा ( कक्षा 12 ) दोनों ही परीक्षाओं में मेधावी छात्र-छात्राओं ने शीर्ष स्थान प्राप्त किए।**

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री मनोहर लाल कोरी, डीएम पुलकित गर्ग, एसपी अरुण कुमार सिंह, मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी व कोऑपरेटिव अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने मेधावियों को सम्मानित किया। **हाईस्कूल ( पूर्व मध्यमा ) टॉपर्स** -पूर्व मध्यमा (कक्षा 10) में निराशा देवी (85.14:), श्री बालकेश्वरी संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लोहदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान विट्टन देवी (84.00:) तथा तृतीय स्थान प्रतिभा देवी (83.14:), श्री आस्तिक संस्कृत विद्यालय को मिला।चतुर्थ स्थान मोहित गर्ग (82.43:), पंचम रोशनी देवी (82.29:), षष्ठम वंदना देवी (81.86:)कृतीनों श्री बालकेश्वरी संस्कृत विद्यालय, लोहदा से रहे।सप्तम स्थान पंकज (81.71:), अष्टम माधव (81.00:), श्री महर्षि वाल्मीकि आश्रम धर्मसंघ संस्कृत विद्यालय, लालापुर ने प्राप्त किया।नवम कोमल शुक्ला (80.57:), श्री तुलसी स्मारक संस्कृत विद्यालय, राजापुर तथा दशम दिव्यांश शुक्ला (80.14:), आयुष ग्राम संस्कृत विज्ञान उच्चतर माध्यमिक गुरुकुलम् रहे।

**इंटरमीडिएट ( उत्तर मध्यमा ) टॉपर्स**- उत्तर मध्यमा (कक्षा 12) में ऋषिदीप द्विवेदी (72.25:), श्री बाला जी संस्कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान शिवानी मिश्रा (71.83:), श्री बालकेश्वरी संस्कृत विद्यालय, लोहदा को मिला।तृतीय मोहित मिश्रा (69.92:) व चतुर्थ विभव पाण्डेय (68.50:), दोनों श्री जयदेव वैष्णव संस्कृत विद्यालय, कर्वी से रहे। पंचम हरिओम मिश्रा (68.33:), श्री धर्म संस्कृत विद्यालय, सरैया तथा षष्ठम साहिल शुक्ला (67.83:), श्री बाला जी संस्कृत विद्यालय रहे।सप्तम मनीषा देवी (67.67:), श्री बालकेश्वरी संस्कृत विद्यालय, लोहदा, अष्टम राहुल (67.17:), श्री जयदेव वैष्णव संस्कृत विद्यालय, कर्वी रहे।नवम नारायण पाण्डेय (66.42:) और दशम नमन मिश्रा (66.08:), श्री मोनी बाबा पंचमुखी हनुमान संस्कृत विद्यालय, रामघाट रहे।

# सिंहपुर मंडल के बूथ क्रमांक 27 में सुनी गई मोदी जी के मन की बात

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 26 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय के निर्देश में भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के रैगांव विधानसभा के सिंहपुर मंडल में बूथ क्रमांक 27 में बूथ समिति की बैठक कर मोदी जी के मन की बात का 133 वां एपिसोड भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं ने सुना .**

उक्त बूथ स्तरीय बैठक एवं मोदी जी के मन की बात के कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र में सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की



शुरुआत की गई तथा भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट) ने बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करके हमारी माता एवं बहनों के साथ अन्याय किया है उसका हिसाब हमारी मातृशक्ति विपक्ष को देगी तथा हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. श्री मोहन यादव जी ने किसानों के हित में फैसला करते हुए प्राकृतिक आपदा या भूमि अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले किसानों को ग्रामीण क्षेत्र में चार गुना मुआवजा एवं शहरी क्षेत्र के किसानों को दो गुना मुआवजा देने की घोषणा की है बैठक का संचालन मंडल उपाध्यक्ष संजीव त्रिवेदी ने किया तथा उक्त बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला, मंडल महामंत्री इंद्रजीत लोधी, सोशल मीडिया प्रभारी रवि लोधी, रविशंकर व्यास, बूथ अध्यक्ष राम प्रसाद त्रिपाठी, सत्येंद्र लोधी, अनिल प्यासी, लक्ष्मी सिसोदिया, पिंगल सिसोदिया, सीताराम कुशवाहा, गुल्लू कुशवाहा, बेटाईलाल लोधी, प्रेमलाल रजक, लक्ष्मी रजक, गज्जू मलिक आदि लोगों उपस्थित रहे।

### कोठी में गौ सम्मान दिवस पर पदयात्रा आज

**कोठी ।** नगर में गौ भक्तों द्वारा गौ सम्मान दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रव्यापी आवाहन पर गौ सम्मान में 27 अप्रैल को पदयात्रा निकाली जाएगी कोठी के हर्षित विश्वकर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों गौ भक्तों के साथ कोठी के देवीगंज प्रांगण से सुबह 10-30 बजे पदयात्रा प्रारंभ होकर तहसील कार्यालय पहुंचेगी जहां गौ सम्मान एवं गौ को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने को लेकर राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम पत्र सौंपा जाएगा गौ सम्मान दिवस पर विशेष रूप से सभी क्षेत्रीय गौ भक्तों से सम्मिलित होने का आवाहन किया गया है।

# मां मंदाकिनी के निर्मल, अविरल प्रवाह के लिए आरोग्यधाम में दो दिवसीय कार्यशाला हुई

## नदी पुनरुद्धार, सीवेज प्रबंधन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए क्षेत्र सर्वेक्षण के बाद विशेषज्ञों ने रखे सुझाव

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 26 अप्रैल, माँ मंदाकिनी के निर्मल ( प्रदूषण मुक्त ) और अविरल ( निरंतर प्रवाह ) स्वरूप को बनाए रखने के लिए एकीकृत और बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जिसके अंतर्गत तकनीकी, पारिस्थितिक और सामाजिक भागीदारी शामिल है।**

इसके लिए दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा सीवेज प्रबंधन एवं पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पर दो दिवसीय विचार-विमर्श बैठक-सह-कार्यशाला एवं क्षेत्र भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसका समापन रविवार को आरोग्यधाम के सभागार में हुआ। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रसिद्ध पर्यावरणविद एवं परिस्थितिकिविद प्रो सी आर बाबू ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे तो वही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण





बोर्ड भोपाल के निदेशक डॉ ए के विद्यार्थी ने तीनों टीमों के विचारों का प्रस्तुतिकरण किया। इस दौरान सभी टीमों के सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन द्वारा किया गया और कोषाध्यक्ष वसंत पंडित द्वारा अथितियों व विशेषज्ञों को मोमेंटो प्रदान किये गए। क्षेत्र सर्वेक्षण के लिए तीन टीमों जिसमें पहली %नदी पुनरुद्धार व वाटरशेड प्रबंधन और जैव विविधता का पुनर्जीवन और संरक्षण%, दूसरी टीम द्वारा सीवेज प्रबंधन, और तीसरी टीम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संदर्भ में फील्ड सर्वेक्षण किया। जिसके आधार पर विशेषज्ञों ने बताया कि माँ मन्दाकिनी को निर्मल (स्वच्छ) बनाने के लिए सीवेज और अपशिष्ट को उपचारित करना, प्लास्टिक और कचरे का प्रबंधन, नदियों में प्लास्टिक, शव, पूजा सामग्री और ठोस कचरा फेंकने पर सख्ती से रोक लगाई होगी। साथ ही प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहन देना होगा, फ्लोटिंग वेटलैंड्स जो पानी के ऊपर तैरते हुए कृत्रिम वेटलैंड्स का उपयोग करना होगा जो पोषक तत्वों और प्रदूषकों को सोखकर पानी को शुद्ध करते हैं। जैविक उपचार से प्रदूषित जल के उपचार के लिए पर्यावरण के अनुकूल एंजाइमों का उपयोग करना होगा। कार्यशाला के समापन सत्र में एक्सपर्ट ने बताया कि नदियों को अविरल व निरंतर प्रवाह बनाए रखने के लिए नदी के जलग्रहण क्षेत्रों को पुनर्जीवित करना होगा, जिससे पानी की निरंतर आपूर्ति बनी रहे। नदी के किनारों पर सघन वृक्षारोपण को ब?ावा देना होगा, जो न केवल मृदा कटाव को रोकते हैं बल्कि जल स्तर को बनाए रखने में भी सहायक हैं।

### सर्वेक्षण के दौरान दिये गये सुझाव

केन्द्रीय भूजल बोर्ड भोपाल और लखनऊ द्वारा क्षेत्र का जल-भूवैज्ञानिक अध्ययन, क्षेत्र का ड्रोन सर्वेक्षण, मौजूदा घास के मैदानों, तालाबों, रिचार्ज पिट्स, चेक डैम, बांधों आदि की सूची तैयार करना, एक प्रशिक्षण और निगरानी इकाई ( सेल ) का गठन, स्थानीय प्रजातियों के पौधों की नर्सरी तैयार करना, %जल गंगा संवर्धन अभियान% के तहत वाटरशेड प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे का विकास करना, उपचारित (ट्रीटेड) पानी का पुन-उपयोग, आश्रमों / होटलों को मुख्य सीवर नेटवर्क से जोड़ना या विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करना, खुले में शौच को हतोत्साहित करने के लिए उपचार प्रणाली (ट्रीटमेंट सिस्टम) से युक्त शौचालय ब्लॉक बनाना.